पंचदश

बिहार विधान-सभा

षोडश सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-1

सोमवार तिथि $\frac{\text{30 चैत्र, 1937 (श0)}}{\text{20 अप्रील, 2015 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 02

(1) कारा विभाग	01
(2) सामान्य प्रशासन विभाग	01
कुल योग —	02

स्थापित करना

36. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नीमचक बथानी क्षेत्र अति पिछड़ा, उग्रवाद प्रभावित, अविकसित एवं भौगोलिक दृष्टिकोण से सुदूर देहाती होने के कारण सरकारी अधिसूचना संख्या 61, दिनांक 31 मार्च, 1998 द्वारा इसे अनुमंडल का मुख्यालय बनाया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी अधिसूचना संख्या 1088, दिनांक 29 जनवरी, 2007 द्वारा नीमचक बथानी अनुमंडल मुख्यालय को स्थानान्तरित कर खिजर सराय में स्थापित किया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो नीमचक बथानी से हटाकर 25 कि0मी0 दूर खिजर सराय में अनुमंडल मुख्यालय स्थापित करने का क्या औचित्य है तथा सरकार अबतक उसे पूर्व स्थान नीमचक बथानी में वापस लाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना का क्रियान्वयन

''क''-37. श्री अरुण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 56 कारागारों के 1,118 बैरकों में 30,159 पुरुष कैदी तथा 1100 महिला कैदी कुल मिलाकर 31,259 कैदी हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि जेलों में बंद कैदियों को मानवाधिकार सुविधा के तहत टी0वी0 एवं डी0वी0डी0 लगाने हेतु राज्य सरकार ने वर्ष 2013 में घोषणा की थी तथा सरकार ने बिहार स्टेट इलेक्ट्रोनिक्स डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (बेल्ट्रॉन) को सौंपा था उक्त योजना में पाँच करोड़ की प्राक्कलन की स्वीकृति सरकार ने दी थी तथा बेल्ट्रॉन ने 5 सितम्बर, 2013 को निविदा किया परन्तु सरकार द्वारा राशि मुहैया नहीं कराने के कारण योजना प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना को क्रियान्वयन कराने एवं कैदियों को मानवाधिकार सुविधा उपलब्ध कराना चाहती है ?

पटना :
दिनांक 20 अप्रील, 2015 (ई0)।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

नोट--''क''-गृह (आरक्षी) विभाग से कारा विभाग को स्थानान्तरित ।

बि0स0मु0 (एल0ए0) - 49 - डी0टी0पी0-450